भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2431
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
27 अग्रहायण, 1945 (शक)

उपेक्षित प्राचीन पुरातत्व स्थलों पर पुनर्निर्माण कार्य

2431. **कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बुंदेलखंड सहित देश में उपेक्षित पड़े प्राचीन पुरातत्व स्थलों के पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कोई विशेष पहल शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) बुंदेलखंड सहित देश में प्राचीन पुरातत्व स्थलों के रखरखाव पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण बुंदेलखंड सहित देश में 3697 संरक्षित स्मारकों/क्षेत्रों की देखभाल और रख-रखाव करता है। स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और रख-रखाव एक सतत् प्रक्रिया है और इसे आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान बुंदेलखंड सहित देश में प्राचीन पुरातत्वीय स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और रख-रखाव पर खर्च की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ में)

वर्ष	व्यय
2020-21	260.83
2021-22	269.57
2022-23	391.93

*****